an>

Title: Regarding setting up a statue of Maharana Pratap in the Chittorgarh Fort

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : सभापति महोदय, मैं मेरे संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के ऐतिहासिक धरोहर, विश्वविख्यात किले के बारे में अपनी ओर से निवेदन करना चाहता हूं। वह 13 किलोमीटर के रेडियस में फैला हुआ है और महाराणा प्रताप, जिन्होंने कभी मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके, कभी समझौता नहीं किया, मेवाड़ को स्वाधीन बनाये रखा, मैं उस किले के ऊपर महाराणा प्रताप की आदमकद प्रतिमा लगे और पन्ना धाय, मीराबाई और रानी पद्मिनी का इतिहास जिस किले से जुड़ा हुआ है, जिस किले के कण-कण में वीरता और शौर्यता है, मैं चाहता हूं कि वहां महाराणा प्रताप की एक आदमकद प्रतिमा लगे। मैं भारत सरकार का तो धन्यवाद देता ही हूं कि महाराणा प्रताप का एक रैगुलर डाक टिकट जारी कर दिया, लेकिन एक प्रतिमा अगर किले के ऊपर लगेगी तो निश्चित रूप से पूरे मेवाड़ को मान और सम्मान मिलेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON: Shri Sudheer Gupta and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri C.P.Joshi.

*m05

श्री राजीव प्रताप रूडी: मैं माननीय पर्यटन मंत्री श्री महेश शर्मा जी की जानकारी में लाऊंगा और जो सम्भव होगा, उसके लिए जरूर सरकार प्रयास करेगी।